भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 466
गुरूवार, 25 जुलाई, 2024/3 श्रावण, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

विदेशी पर्यटकों के लिए पर्यटक वीज़ा

466 श्री संजीव अरोड़ा:
श्री संजय सेठ:
क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का विदेशी पर्यटकों तथा देश में पर्यटन के विकास के लिए कोई योजना बनाने का विचार है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार पिछले तीन वर्षों के दौरान पर्यटक वीजा पर देश में आने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या का रिकार्ड रखती है;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ङ) क्या सरकार कुछ राज्य सरकारों द्वारा भारतीय नागरिकों के लिए चलाए जा रहे पर्यटन कार्यक्रमों की तरह विदेशी पर्यटकों के लिए एक पर्यटन कार्यक्रम शुरू करने का विचार रखती है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ङ): पर्यटन मंत्रालय वैश्विक पर्यटन बाज़ार में भारत की हिस्सेदारी में वृद्धि करने के लिए विभिन्न बाज़ारों में भारत का संवर्धन एक संपूर्ण गंतव्य के रूप में करता है। इन उद्देश्यों की पूर्ति एकीकृत विपणन और संवर्धनात्मक कार्यनीति तथा यात्रा व्यापार जगत, राज्य सरकारों और विदेश स्थित भारतीय मिशनों के सहयोग से एक समन्वित अभियान के माध्यम से की जाती है। सरकार औद्योगिक विशेषज्ञों और अन्य संबंधित हितधारकों के साथ निरंतर बातचीत करती रहती है और भारत के विभिन्न पर्यटन उत्पादों के संवर्धन के लिए उनके सुझावों और प्रतिक्रियाओं का स्वागत करती है।

पिछले तीन वर्षों के दौरान भारत में विदेशी पर्यटक आगमन (एफटीए) का विवरण नीचे दिया गया हैः

वर्ष	**एफटीए (मिलियन में)**	**पिछले वर्ष की तुलना में प्रतिशत (%) परिवर्तन**
2021	1.52	-44.5
2022	6.44	321.5
2023	9.24	43.5

निजी हितधारकों और राज्य सरकारों द्वारा विदेशी तथा घरेलू पर्यटकों के लिए पैकेज टूर जैसे टूर कार्यक्रम मुहैया कराए जाते हैं। पर्यटन मंत्रालय अपनी आतिथ्य योजना के अंतर्गत यात्रा लेखकों, पत्रकारों, फोटोग्राफरों, फिल्म/टीवी दलों, यात्रा एजेंटों, टूर ऑपरेटरों और ओपीनियन मेकर्स को आमंत्रित करता है ताकि भारत को विभिन्न प्रकार के आकर्षणों की पेशकश करने वाले एक आकर्षक बहुआयामी पर्यटक स्थल के तौर पर प्रभावी रूप से स्थापित किया जा सके। आमंत्रित अतिथियों को पर्यटन मंत्रालय के आतिथ्य कार्यक्रम के अंतर्गत अपनी परिचय यात्राओं के दौरान भारतीय पर्यटन उत्पादों और सुविधाओं की प्रत्यक्ष सूचना/जानकारी मिलती है।

*****